## युग्म-शब्द की परिभाषा

हिंदी के अनेक शब्द ऐसे हैं, जिनका उच्चारण प्रायः समान होता हैं। किंतु, उनके अर्थ भिन्न होते है। इन्हे 'युग्म शब्द' कहते हैं।

**दूसरे शब्दों में**- हिन्दी में कुछ शब्द ऐसे हैं, जिनका प्रयोग गद्य की अपेक्षा पद्य में अधिक होता है। इन्हें 'युग्म शब्द' या 'समोच्चरितप्राय भिन्नार्थक शब्द' कहते हैं।

हिन्दी भाषा की एक खास विशेषता है- मात्रा, वर्ण और उच्चारण प्रधान-भाषा। इसमें शब्दों की मात्राओं अथवा वर्णों में परिवर्तन करने से अर्थ में काफी अन्तर आ जाता है।

अतएव, वैसे शब्द, जो उच्चारण की दृष्टि से असमान होते हुए भी समान होने का भ्रम पैदा करते हैं, युग्म शब्द अथवा 'श्रुतिसमभिन्नार्थक' शब्द कहलाते हैं।

### ( अ, अं, अँ )

| | | | |
|---|---|---|---|
| अंस | कंधा | अंश | हिस्सा |
| अँगना | घर का आँगन | अंगना | स्त्री |
| अन्न | अनाज | अन्य | दूसरा |
| अनिल | हवा | अनल | आग |
| अम्बु | जल | अम्ब | माता, आम |
| अथक | बिना थके हुए | अकथ | जो कहा न जाय |
| अध्ययन | पढ़ना | अध्यापन | पढ़ाना |
| अधम | नीच | अधर्म | पाप |

### आ

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| आवास | रहने का स्थान | आभास | झलक, संकेत |
| आकर | खान | आकार | रूप, सूरत |
| आदि | आरम्भ, इत्यादि | आदी | अभ्यस्त, अदरक |
| आरति | विरक्ति, दुख | आरती | धूप-दीप दिखाना |
| आभरण | गहना | आमरण | मरण तक |
| आयत | समकोण चतुर्भुज | आयात | बाहर से आना |
| आर्त | दुखी | आर्द्र | गीला |

## ( इ, ई, उ, ऋ, ए )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
| --- | --- | --- | --- |
| इत्र | सुगंध | इतर | दूसरा |
| इति | समाप्ति | ईति | फसल की बाधा |
| उपकार | भलाई | अपकार | बुराई |
| उद्धत | उद्दण्ड | उद्दत | तैयार |
| उपयुक्त | ठीक | उपर्युक्त | ऊपर कहा हुआ |
| ऋत | सत्य | ऋतु | मौसम |
| एतवार | रविवार | ऐतवार | विश्वास |

## ( क )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
| --- | --- | --- | --- |
| कुल | वंश, सब | कूल | किनारा |
| कंगाल | भिखारी | कंकाल | ठठरी |
| कर्म | काम | क्रम | सिलसिला |
| कृपण | कंजूस | कृपाण | कटार |
| कर | हाथ | कारा | जेल |
| कपि | बंदर | कपी | घिरनी |

## ( ख, ग )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
| --- | --- | --- | --- |
| खोआ | दूध का बना ठोस पदार्थ | खोया | भूल गया, खो गया |
| खल | दुष्ट | खलु | ही तो, निश्चय ही |
| गण | समूह | गण्य | गिनने योग्य |
| गुड़ | शक्कर | गुड़ | गम्भीर |
| ग्रह | सूर्य, चन्द्र आदि | गृह | घर |
| गिरी | गिरना | गिरि | पर्वत |

## ( च, छ, ज, झ )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
| --- | --- | --- | --- |
| चिर | पुराना | चीर | कपड़ा |

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| चिता | लाश जलाने के लिए लकड़ियों का ढेर | चीता | बाघ की एक जाति |
| चूर | कण, चूर्ण | चूड़ | चोटी, सिर |
| चतुष्पद | चौपाया, जानवर | चतुष्पथ | चौराहा |
| चार | चार संख्या, जासूस | चारु | सुन्दर |
| चर | नौकर, दूत, जासूस | | |
| चूत | आम का पेड़ | च्युत | गिरा हुआ, पतित |
| छत्र | छाता | क्षत्र | क्षत्रिय |
| छात्र | विद्यार्थी | क्षात्र | क्षत्रिय-संबंधी |
| छिपना | अप्रकट होना | छीपना | मछली फँसाकर निकालना |
| जलज | कमल | जलद | बादल |
| जघन्य | गर्हित, शूद्र | जघन | नितम्ब |
| जगत | कुएँ का चौतरा | जगत् | संसार |

## ( ट, ड, ढ )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| टुक | थोड़ा | टूक | टुकड़ा |
| टोटा | घाटा | टोंटा | बन्दूक का कारतूस |
| डीठ | दृष्टि | ढीठ | निडर |
| डोर | सूत | ढोर | मवेशी |

## ( त )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| तड़ाक | जील्द | तड़ाग | तालाब |
| तरणि | सूर्य | तरणी | नाव |
| तरुणी | युवती | | |
| तक्र | मटठा | तर्क | बहस |
| तरी | गीलापन | तरि | नाव |

## ( द, ध )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| दूत | सन्देशवाहक | द्यूत | जुआ |

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| दारु | लकड़ी | दारू | शराब |
| द्विप | हाथी | द्वीप | टापू |
| दमन | दबाना | दामन | आँचल, छोर |
| धराधर | शेषनाग | धड़ाधड़ | जील्द से |
| धारि | झुण्ड | धारी | धारण करनेवाला |
| धूरा | धूल | धुरा | अक्ष |

## ( न )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| निहत | मरा हुआ | निहित | छिपा हुआ, संलग्न |
| नियत | निश्चित | नीयत | मंशा, इरादा |
| निश्छल | छलरहित | निश्चल | अटल |
| नान्दी | मंगलाचरण (नाटक का) | नंदी | शिव का बैल |
| निमित्त | हेतु | नमित | झुका हुआ |

## ( प )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| परुष | कठोर | पुरुष | मर्द, नर |
| प्रदीप | दीपक | प्रतीप | उलटा, विशेष, काव्यालंकार |
| प्रसाद | कृपा, भोग | प्रासाद | महल |
| प्रणय | प्रेम | परिणय | विवाह |
| प्रबल | शक्तिशाली | प्रवर | श्रेष्ठ, गोत्र |

## ( फ )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| फुट | अकेला, इकहरा | फूट | खरबूजा-जाति का फल |
| फण | साँप का फण | फन | कला, कारीगर |

## ( ब )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| बलि | बलिदान | बली | वीर |

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| बास | महक, गन्ध | वास | निवास |
| बहन | बहिन | वहन | ढोना |
| बल | ताकत | वल | मेघ |

**( भ )**

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| भंगि | लहर, टेढ़ापन | भंगी | मेहतर, भंग करनेवाला |
| भिड़ | बरें | भीड़ | जनसमूह |
| भित्ति | दीवार, आधार | भीत | डरा हुआ |
| भवन | महल | भुवन | संसार |
| भारतीय | भारत का | भारती | सरस्वती |

**( म )**

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| मनुज | मनुष्य | मनोज | कामदेव |
| मल | गन्दगी | मल्ल | पहलवान, योद्धा |
| मेघ | बादल | मेध | यज्ञ |
| मांस | गोश्त | मास | महीना |
| मूल | जड़ | मूल्य | कीमत |

**( र, ल )**

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| रंक | गरीब | रंग | वर्ण |
| रग | नस | राग | लय |
| रत | लीन | रति | कामदेव की पत्नी, प्रेम |
| लवण | नमक | लवन | खेती की कटाई |
| लुटना | लूटा जाना, बरबाद होना | लूटना | लूट लेना |
| लक्ष्य | उद्देश्य | लक्ष | लाख |
| लाश | शव | लास्य | प्रेमभाव सूचक |

**( व )**

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| वित्त | धन | वृत्त | गोलाकार, छन्द |
| वाद | तर्क, विचार | वाद्य | बाजा |
| वस्तु | चीज | वास्तु | मकान, इमारत |
| व्यंग | विकलांग | व्यंग्य | ताना, उपालम्भ |
| वसन | कपड़ा | व्यसन | बुरी आदत |

## ( श )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| शुल्क | फीस, टैक्स | शुक्ल | उजला |
| शूर | वीर | सुर | देवता, लय |
| शम | संयम, इन्द्रियनिग्रह | सम | समान |
| शर्व | शिव | सर्व | सब |
| शप्त | शाप पाया हुआ | सप्त | सात |

## ( स )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| सर | तालाब | शर | तीर |
| सूर | अंधा, सूर्य | शूर | वीर |
| सूत | धागा | सुत | बेटा |
| सन् | साल | सन | पटुआ |
| समान | तरह, बराबर | सामान | सामग्री |

## ( ह )

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| हुंकार | ललकार, गर्जन | हुंकार | पुकार |
| हल् | शुद्ध व्यंजन | हल | खेत जोतने का औजार |
| हरि | विष्णु | हरी | हरे रंग की |
| हँसी | हँसना | हंसी | हंसनी |